पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

राज्यपाल जी ने बालिका संरक्षण गृह की बालिकाओं को कम्बल वितरित किया

——————

राज्यपाल जी ने बालिका संरक्षण गृह की बालिकाओं से किया संवाद

——————

संरक्षण गृह की शिक्षिकाये बालिकाओं का कौशल प्रशिक्षण दें

—श्रीमती आनंदीबेन पटेल

—————

लखनऊः 26 दिसम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आज राजभवन में आयोजित उड़ान कार्यक्रम के माध्यम से कानपुर के उद्यमी डॉ0 ओ.यू. सिद्दकी ने अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए लखनऊ के राजकीय पाश्चात्य संगठन (बालिका) मोतीनगर, लखनऊ के 148 बच्चे तथा लीलावती मुंशी निराश्रित बालगृह मोतीनगर लखनऊ के 60 बच्चों तथा 10 वृद्ध महिलाओं को गांधी सभागार में राज्यपाल जी ने कम्बल वितरित किये। इस अवसर पर उन्होंने बालिका संरक्षण गृह की बालिकाओं के साथ संवाद भी किया। उन्होंने बालिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपको क्या पढ़ना चाहिए, कैसे पढ़ना चाहिए और किस प्रकार आप आगे बढ़ सकते हो इन सब बातों की चिन्ता करना सरकार एवं समाज का दायित्व है। आप पूरी लगन के साथ पढ़ें और आगे बढ़ें। उन्होंने बालिका संरक्षण गृह की शिक्षकाओं से कहा कि आपके यहां जो बच्चे रहते है उन्हें रूचि के अनुसार हुनर सिखायें उन्हें ऐसे कौशल के बारे में जानकारी दें, जो उनके भविष्य के लिए उपयोगी हो ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर राज्यपाल जी ने प्रेरक कहानी के माध्यम से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा कहा कि

आप यह मत सोचों की आप अनाथ है सरकार आप के साथ है आप लोग अच्छा सोचे, अच्छा करें और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संकल्प करें।

कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता, जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश, कानपुर के उद्यमी डॉ0 ओ.यू. सिद्दकी सहित संरक्षण गृह की अधीक्षका एवं बालिकाएं मौजूद थे।

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (110/36)
सम्पर्क सूत्र 9453005360